भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3841

(11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

उन्नति योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करना

3841. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उन्नति परियोजना के अंतर्गत तेलंगाना के लिए 16,159 का लक्ष्य आवंटित किया है, जिसमें से डीडीयू-जीकेवाई (1,412), आरएसईटीआई (2,863) और केवीके (7,059) के अंतर्गत 11,334 उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है;

(ख) क्या डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत 1,412 उम्मीदवारों में से 342 उम्मीदवारों को वृतिका (स्टाइपेंड) का भुगतान किया गया था और प्रशिक्षित उम्मीदवारों का डेटा कौशल प्रगति पोर्टल पर अपलोड किया गया था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत कौशल भारत पोर्टल में सॉफ्टवेयर सक्षम होने की प्रतीक्षा कर रहे 1,070 प्रशिक्षित उम्मीदवारों के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध नहीं था और 1,070 उम्मीदवारों को वजीफा भुगतान किया जाना लंबित था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केवीके द्वारा प्रशिक्षित 7,059 उम्मीदवारों में से रोजगार सृजन और विपणन मिशन (ईजीएमएम), तेलंगाना ने पहले ही चरण-I में 12 जिलों से 2,292 उम्मीदवारों और 8 जिलों से 1,193 केवीके लाभार्थियों का विवरण प्रस्तुत कर दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क): रोजगार सृजन और विपणन मिशन (ईजीएमएम) - तेलंगाना को उन्नति के तहत 16159 का लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसमें डीडीयू-जीकेवाई, आरएसईटीआई और केवीके के तहत प्रशिक्षण दिया जाना था, जिनमें से 11334 उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जिसमें डीडीयू-जीकेवाई के तहत 1412, आरएसईटीआई के तहत 2863 और केवीके के तहत 7059 शामिल हैं।

(ख) और (ग): डीडीयू-जीकेवाई के तहत प्रशिक्षित 342 उम्मीदवारों को वजीफे का भुगतान किया गया है और उसका डेटा पोर्टल पर अपलोड किया गया है। डीडीयू-जीकेवाई के तहत प्रशिक्षित शेष उम्मीदवारों के संबंध में उनकी उपस्थिति का डेटा अब मैन्युअल रूप से भेजा गया है और वजीफे के भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

(घ): ईजीएमएम- तेलंगाना ने पहले ही चरण-I में 12 जिलों (आदिलाबाद, कोठागुडेम, हनुमाकोंडा, जगीथ्याल, जंगोन, कामरेड्डी, महबूबाबाद, मुलुगु, निर्मल, सांगरेड्डी, वारंगल और यादाद्री) से 2292 उम्मीदवारों और 8 जिलों (जगित्याल, जोगुलम्बा गडवाल, नल्लगोंडा, नगर कुरनूल, पेद्दपल्ली, मेडक, वनपर्ती और यादाद्री) से 1193 केवीके लाभार्थियों का प्रस्ताव भेजा है।

***